
हरिभूमि
# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 1 फरवरी 2024

04 धन खोदने वाले स्थानीय दो लोग गिरफ्तार चार पहिया...



07 अब हर गांव तक पहुंचेगी संचार की सुविधा...





## खबर संक्षेप



### श्री मद् भागवत कथा में कथा श्रवण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया

**सागर।** बुधवार को वरिष्ठ भाजपा नेता लखन सिंह जेल रोड खुरई पर आयोजित श्री मद् भागवत कथा में शामिल होकर धर्मलाभ लिया। इसके उपरांत वरिष्ठ भाजपा नेता लखन सिंह ग्राम नगदा के पास स्थित श्री सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर में 25 जनवरी से 3 फरवरी तक चल रही संगीतमय श्रीराम कथा के प्रांगण पहुंचे। यहां उन्होंने व्यास गादी की पूजा-अर्चना कर आर्शीवाद लिया। इसके पश्चात कथा का श्रवण कर धर्मलाभ अर्जित किया।

### अवैध उत्खनन करते पाए जाने पर एक पोकलेन और दो डंपर मौक़े पर जब्त

**सागर।** माफियाओं पर कार्रवाई करने के निर्देश के बाद कलेक्टर दीपक आर्य के निर्देशानुसार जिले में लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी परिप्रेक्ष्य में बीना में एसडीएम देवेंद्र प्रताप सिंह एवं एसडीओपी प्रशांत सुमन के द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है । एसडीएम देवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि आज तहसील बीना के ग्राम हड़कलख़ाती में शासकीय तालाब में अवैध उत्खनन करते हुए पाये जाने पर 1 पोकलेन एवं 2 डंपर मौक़े से ज़ब्त किए गये जब्त सामग्री को थाना आगासौद में सुरक्षित अभिरक्षा में रखा गया है।

### मंडल द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा की गोपनीय सामग्री वितरण आज

**सागर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा 2024 में आयोजित बोर्ड परीक्षा की गोपनीय सामग्री का वितरण एक फरवरी को समन्वयक संस्था शा. उत्कृष्ट उ.मा.वि. सागर से प्रातः 10.30 बजे से किया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद जैन ने बताया कि समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी की ओर लेख है कि आप अपने दल के साथ एक फरवरी को सुबह 10.30 बजे समन्वयक संस्था शा. उत्कृष्ट उ. मा. वि. सागर में अनिवार्य रुप से उपस्थित होकर, अपने विकासखंड अंतर्गत कार्यरत लोकसेवक जिन्हे मंडल परीक्षा 2024 हेतु केंद्राध्यक्ष/सहायक केंद्राध्यक्ष नियुक्त किया गया है, के आदेश प्राप्त करें एवं केंद्राध्यक्ष/सहायक केंद्राध्यक्ष को तामील करायें एवं तामीली रिपोर्ट दोप. 2 बजे तक अनिवार्य रुप से समक्ष में प्रस्तुत करें। समन्वय संस्था के प्राचार्य सुधीर तिवारी ने बताया कि समस्त नियुक्त केंद्राध्यक्ष/ सहायक केंद्राध्यक्ष की ओर लेख है कि आप एक फरवरी को समन्वयक संस्था शा.उत्कृष्ट उ.मा.वि. सागर में सुबह 10.30 बजे अनिवार्य रुप से उपस्थित होकर (कार्यरत संस्था अनुसार) विकासखंड शिक्षा अधिकारी से अपना आदेश प्राप्त करें एवं प्राचार्य शा. उत्कृष्ट उ. मा. वि. सागर से अपने परीक्षा केंद्र की गोपनीय सामग्री प्राप्त करें।

### आयुष्मान कार्ड से निजी अस्पतालों में मुफ्त इलाज की सुविधा

**सागर।** राज्य शासन द्वारा प्रधान मंत्री जन आरोग्य योजना संचालित की जा रहीं है। जन आरोग्य योजना का लाभ लेकर अनेक लोग अब निजी अस्पतालों में अपना मुफ्त इलाज करा रहे है। पैसों के अभाव में निजी अस्पतालों में अपना इलाज नही करा पाने वाले हितग्राहियों के लिए आयुष्मान कार्ड वरदान साबित हुआ है। आयुष्मान कार्ड से लोगो को निजी अस्पतालों में भी अपना 5 लाख तक का मुफ्त इलाज कराने की सुविधा मिल रही है। आयुष्मान कार्ड भविष्य में किसी भी प्रकार की बीमारी या दुर्घटना होने पर मददगार होता है।

सभी को पहुंचाया गया सकुशल गृह ग्राम

# कलेक्टर दीपक आर्य ने कार्रवाई कर महाराष्ट्र के परभनी जिले में फंसे 19 आदिवासी मजदूरों को मुक्त कराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

कलेक्टर दीपक आर्य ने शिकायत प्राप्त होने पर तत्काल कार्रवाई करते हुए महाराष्ट्र में फसे शाहगढ़ विकासखंड के ग्राम पापेट के 19 आदिवासी मजदूरों को मुक्त कराया है। कलेक्टर दीपक आर्य ने बताया कि, शाहगढ़ के ग्राम पापेट के अनरत आदिवासी एवं लक्ष्मण आदिवासी द्वारा शिकायत की गई थी कि मेरे परिवार के सदस्यों को महाराष्ट्र के परभनी जिले के कुछ लोग गन्ना मजदूरी करने के लिए ले गए और हमसे कहा गया था कि उन्हें गन्ना मजदूरी के बदले अच्छी मजदूरी (रुपये) प्रदान की जाएगी। पापेट निवासी अनरत आदिवासी एवं लक्ष्मण आदिवासी ने शिकायत में बताया कि हमारे परिवार के सदस्यों को अच्छी मजदूरी के बहाने गन्ना कटाई के लिए पुरुषों और महिलाओं को 600 रूपये प्रति टन के हिसाब से देने एवं रहने की उचित व्यवस्था देने और कच्चा राशन उपलब्ध करने की बात कह कर दो लोडिंग पिकअप गाड़ी से गाँव पापेट, तहसील शाहगढ़, जिला सागर से दो दिन की यात्रा करने के बाद परभनी महाराष्ट्र राज्य पहुंचे। ठेकेदार द्वारा ग्राम मोगरा गन्ना खेत पर झोपड़ी बना कर रहने को कहा गया और खेत पर गन्ना कटाई का



काम शुरू कराया गया। ठेकेदार से राशन के लिए पैसे मांगे गए तो ठेकेदार ने अपनी दुकान से 4-5 दिन का राशन लेकर दिया। और सुबह 7 बजे से शाम 6- 7 बजे तक 11-12 घंटे काम कराया जाने लगा, एक माह बाद ठेकेदार से पैसे मांगने पर अगले माह देने को कहा गया और 2 माह होने पर मजदूरी के पैसे कि मांग की गई उस के बाद से गोविन्द्र बंजारा पता नहीं कहा चले गए। मालिक से मजदूरी के पैसे की मांग की गई तो मालिक द्वारा अपशब्द बोले गए और जान से मारने की धमकी दी गई। एक दो महिला साथी मजदूरों के साथ मारपीट भी की उन्होंने बताया कि उनसे जबरदस्ती देर रात तक काम कराया जा रहा है। और जैसा बोलकर लाया गया था कि प्रतिदिन पुरुषों और महिलाओं को 600 रूपये की मजदूरी दी जाएगी, वह न देकर ठेकेदार ने कहा कि 300 रुपये प्रति टन के हिसाब से पैसे दिए जाएंगे। राशन के लिए भी पैसे नहीं दिए जा रहे हैं। कलेक्टर आर्य ने बताया कि जब शिकायत कर्ता द्वारा इस प्रकार की घटना बताई गई तब तत्काल कार्रवाई करते हुए सिटी मजिस्ट्रेट जूही गर्ग को महाराष्ट्र पुलिस से संपर्क करने के लिए कहा गया एवं लगातार मानीटिरिंग करने एवं उन मजदूरों को सागर वापस लाने के लिए प्रयास किए गए। सिटी मजिस्ट्रेट जूही गर्ग ने बताया कि, कलेक्टर दीपक आर्य के निर्देश के पश्चात करवाई की गई एवं सागर एवं महाराष्ट्र में जन साहस एवं विकास मंडल संस्था की सदस्यों का भी सहयोग लिया गया। उन्होंने बताया कि सभी 19 आदिवासी मजदूर भाई-बहन सकुशल सागर आए। गर्ग ने बताया कि सागर पहुंचने पर कलेक्टर कार्यालय में प्रभारी कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला ने उनको टीका तिलक किया गया एवं पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। उन्होंने बताया कि सभी को विशेष वाहन से उनके गृह ग्राम तक पहुंचाया गया है शेष कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि जो 19 आदिवासी बंधक मुक्त हुए हैं उनमें महाराष्ट्र जिला परभनी में फंसे मजदूरों के में क्रेश पिता नन्हे लाल, हल्लू आदिवासी, रानी आदिवासी, कल्लो, मल्ला, बाबू, चतुर आदि वासी, यसोदा पति चतुर, राधिका पिता चतुर, दिव्यंसी पिता चतुर, शिवाजी पिता चतुर, दीपेश, कल्याण, प्रेमबाई पति कल्याण, शक्तिमान पिता कल्याण, गीता पिता कल्याण, प्रकास पिता कल्याण, जनकरानी आदिवासी, राम मिलन उर्फ़ रामू सभी निवासी पापेट, शाहगढ़ जिला सागर है। प्रभारी कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला ने सभी जिले वासियों से अपील की है कि कोई भी व्यक्ति बहकावे में न आए और किसी के कहने पर अपना ग्रह जिला ना छोड़े उन्होंने कहा है कि इस प्रकार कोई भी बाहरी व्यक्ति किसी भी प्रलोभन देते हैं तो इसकी सूचना संबंधित थाने में देकर ही अपना ग्रह जिला छोड़ें।

# धूमधाम से मनाया जाएगा बरोदियाकलां का गौरव दिवस, बॉलीवुड सिंगर अनुषा मनी बिखेरेंगी सुरों के रंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

पूर्व मंत्री एवं खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह के निर्देश पर आज बरोदिया कलां का गौरव दिवस मनाना सुनिश्चित किया गया है। इसी संबंध में बुधवार को युवा नेता अबिराज सिंह ने गौरव दिवस कार्यक्रम को सफल बनाने बरोदिया कलां के भाजपा कार्यकर्ताओं एवं नगर पालिका के अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में युवा नेता अबिराज सिंह ने कार्यकर्ताओं से गुरूवार को होने वाले गौरव दिवस कार्यक्रम के संबंध में चर्चा की। उन्होंने नगर परिषद सीएमओ सहित समस्त अधिकारियों के साथ बैठक की। इसके पश्चात युवा नेता अबिराज सिंह ने गौरव दिवस के स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं दुरूस्त करने के निर्देश दिए। ज्ञातव्य है कि विगत दिनों पूर्व मंत्री एवं विधायक भूपेन्द्र सिंह ने मालथौन में बैठक के दौरान 1 फरवरी को आयोजित बरोदियाकलां गौरव दिवस और 5 फरवरी को आयोजित बांदरी गौरव दिवस की भव्य और व्यवस्थित तैयारियां करने अधिकारियों को निर्देशित किया था। उन्होंने सभी विभागों को अपनी जिम्मेदारी सुनिश्चित करने, महोत्सवों में नागरिक को असुविधा न हो, और कार्यक्रम जनसुविधाओं के साथ व्यवस्थित रूप से हों इसके निर्देश दिए थे।बरोदियाकलां में हुई बैठक में नगर परिषद अध्यक्ष मीना देवी, मंडल अध्यक्ष रामकुमार बघेल, आरसी दुबे, राम सिंह ठाकुर, खुशालचंद्र जैन, कोमल यादव, दयाराम चौरसिया, कैलाश सिंह ठाकुर, सुरेन्द्र जैन, नेवीचंद्र जैन, कन्छेदी माथे, गब्बर सिंह ठाकुर, गोविंद सेन, हरिनारायण कुशवाहा, हफीज खान, गुलाब आदिवासी, राजकुमार गढ़ौली, सुनील अहिर वार, कृपाल यादव, दिलीप निरंजन सिंह सहित क्षेत्र के भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### जिला स्तरीय रोजगार मेला आज

**सागर।** जिला स्तरीय रोजगार मेला आज आर्ट एवं कॉमर्स कॉलेज में आयोजित किया जाएगा। मंदाकिनी पांडे ने बताया कि कार्यक्रम में जिले के युवाओं को स्वरोजगार की ओर प्रेरित करने के उदेश्य से क्रेन्द्र एवं राज्य शासन की स्वरोजगार मूलक योजनाओं के लाभान्वित हितग्राहियों को ऋण स्वीकृति वितरण पत्र प्रदान किये जाएंगे।





## आरटीओ ने की एचएसआरपी नंबर प्लेट के बिना संचालित वाहनों पर कार्रवाई

**सागर।** क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, सुनील कुमार शुक्ला ने बताया कि परिवहन आयुक्त, मध्यप्रदेश ग्वालियर के आदेशानुसार उच्च न्यायालय, जबलपुर में प्रस्तुत रिट याचिका के संबंध में न्यायालय द्वारा पारित आदेश के अनुपालन में प्रवर्तन अमले के साथ शहरी क्षेत्र में बिना हाई सिक्यूरिटी रजिस्ट्रेशन नम्बर प्लेट के संचालित वाहनों की जांच की गई। चैकिंग के दौरान लगभग 48 वाहनों को चैक किया गया। जिनमें से 21 वाहनों में हाई सिक्यूरिटी रजिस्ट्रेशन नम्बर प्लेट लगी नहीं पाये जाने पर उन वाहनों पर चालानी कार्यवाही की गई। उक्त निर्देशानुसार वाहनों में हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट लगाने बावत पूर्व में जिले के वाहन विक्रय डीलरों की क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय, सागर के सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिले के समस्त वाहन विक्रेताओं को चरणबद्ध तरीके से नम्बर प्लेट लगाये जाने हेतु निर्देशित किया तथा प्लेट को लगाने की प्रक्रिया से भी अवगत कराया गया।





## मघ निषेध संकल्प दिवस का आयोजन

**सागर।** मघ निषेध संकल्प दिवस का आयोजन शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पण्डापुरा में किया गया। इस अवसर पर प्रदर्शिनी, वाद विवाद प्रतियोगिता, निबंध लेखन एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर मघ निषेध संकल्प की शपथ एवं नशा मुक्ति के संबंध में संस्था के समस्त छात्रों एवं संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सागर संभाग के समस्त स्टाफ, नशा मुक्ति के क्षेत्र में संचालित संस्थाओं के प्रतिनिधि सम्मिलित हुए जिसमें सभी को मघ निषेध की शपथ दिलाई गई। महात्मा गाँधी की पुण्यतिथिपर मौन रखकर श्रद्धांजलि भी दी गई। इस दौरान शासकीय विघालय के विधार्थियों के साथ अधीक्षक व नशा मुक्ति के क्षेत्र में कार्यरत संस्थाओं के प्रतिनिधि सम्मिलित रहें।

# पशु विक्रय बाजार पूरी तरह बंद कराया, अब डेयरी विस्थापन स्थल पर ही लगेगा पशु बाजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

सागर नगर की स्वच्छता एवं यातायात व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए जिला प्रशासन एवं नगर निगम द्वारा संयुक्त रूप से पशु विचरण मुक्त क्षेत्र सागर से डेरियों को शहर से बाहर शिफ्ट करने की कार्यवाही के साथ ही राहतगढ़ बस स्टैंड पर लगने वाले पशु बाजार को डेयरी विस्थापन स्थल हफसिली में शिफ्ट कर दिया गया है।

बुधवार को नगर निगम आयुक्त चंद्रशेखर शुक्ला के निर्देशानुसार उपायुक्त एस एस बघेल एवं मोती नगर थाना प्रभारी संदीप चौधरी के साथ बड़ी संख्या में उपस्थित पुलिस बल एवं नगर निगम अतिक्रमण दल द्वारा राहतगढ़ बस स्टैंड के पास लगने वाले पशु बाजार को पूर्ण रूप से बंद कर दिया गया । वहां पर पशुओं को बांधने एवं वाहनों पर उतारने-चढ़ाने के लिए बनाए गए रैम्प को जेसीबी मशीन से तोड़कर जमीन को समतल कर दिया गया। नगर निगम आयुक्त के प्रतिवेदन पर नगर दंडाधिकारी द्वारा लोकहित एवं स्वच्छता मिशन को दृष्टिगत रखते हुए व्यापारी नदीम कुरैशी के विरुद्ध धारा 133 के तहत करवाई हेतु नोटिस जारी किया गया है। नोटिस में लेख किया गया है कि उक्त व्यापारियों द्वारा अगर भगत सिंह वार्ड में पशु मेला अथवा पशु बाजार लगाया जाता है तो संबंधित के विरुद्ध न्यायालय के अवमानना की कार्रवाई सुनिश्चित की जावेगी।

निगम आयुक्त ने पशुओं को शहर में वापस लाकर पुनः डेयरी संचालित करने वाले डेयरी मालिकों के पशुओं को जप्त करने तथा उनकी नीलामी की कार्रवाई करने के निर्देश डेयरी विस्थापन दल को दिए हैं। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर एवं नगर निगम परिषद द्वारा सागर नगर को पशु विचरण मुक्त क्षेत्र घोषित किया गया है इसलिये नगर निगम सीमा क्षेत्र में डेयरी का संचालन पशु बाजार व पशु मेला का नहीं लगाया जा सकता है इसलिए जो पशुपालक अपने जानवरों को पुनः शहर में वापस लाएंगे उनके पशुओं को जप्तकर नीलामी की कार्रवाई के साथ ही पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई जाएगी जिसके लिए पशु पालक स्वयं जिम्मेदार होंगे ।

कार्रवाई के दौरान दल प्रभारी शिवनारायण रैकवार, राजू रैकवार ,उमेश चौरसिया एवं दल के कर्मचारी उपस्थित थे।





## नगर निगम की विभिन्न शाखाओं में कार्यरत 9 कर्मचारियों के सेवानिवृत्त होने पर विदाई दी

**सागर।** नगर निगम की विभिन्न शाखाओं में कार्यरत 9 कर्मचारी सेवानिवृत्ति हो गए । इस अवसर पर निगम सभाकक्ष में आयोजित सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह में महापौर प्रतिनिधि सुशील तिवारी, एम आई सी सदस्य विनोद तिवारी, राजकुमार पटेल, उपायुक्त एस एस बघेल, पूर्व पार्षद नरेश यादव, पार्षद प्रतिनिधि सोमेश जड़िया ने सेवानिवृत कर्मचारी रमाकांत मिश्रा, राम सिंह ठाकुर, युवराज साहू, पुरुषोत्तम रैकवार, प्रेम प्रकाश बंटी रैकवार, राम भरोसी श्रीवास्तव एवं सफाई संरक्षक महेश/ कन्हैया, राधा रानी /गोविंद तथा जनकरानी/ दिलीप को शाल-श्रीफल भेंटकर विदाई दी । इस अवसर पर महापौर प्रतिनिधि सुशील तिवारी ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को स्वस्थ और खुशहाल जीवन की शुभकामना देते हुए कहा कि आपके अनुभव सेवारत कर्मचारियों को बहुत उपयोगी हैं, इसलिए कर्मचारी आपके अनुभव से लाभ लेते रहे और आप अपना आगे का समय अपने परिवार और समाज के कार्यों में बिताएं। उपायुक्त एस एस बघेल ने कहा कि जो सेवा में आया है वह सेवा निवृत्त भी होगा, परंतु आपके द्वारा संस्था को किया गया योगदान याद रहेगा। नरेश यादव ने कहा कि आप लोगों ने अपने जीवन का महत्वपूर्ण समयसेवा में व्यतीत किया है ।

# डॉ. गोपी रजंन साक्षी ने अपने जीवन को एक दार्शनिक की भांति जिया : डॉ. शरद सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

साहित्यकार स्व. डॉ गोपी रंजन साक्षी की पुण्यतिथि पर म प्र हिंदी साहित्य सम्मेलन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार डॉ (सुश्री) शरद सिंह ने कहा कि डॉ. गोपीरजंन साक्षी दार्शनिक विचारों के धनी थे। वे ओशो से प्रेरित थे। उन्होंने अपने जीवन को भी एक दार्शनिक की भांति जिया। डॉ साक्षी की स्मृति में प्रखर प्रतिभा सम्मान युवा शायर नईम माहिर को दिया जाना युवाओं के लिए एक संदेश के समान है। इस अवसर पर अध्यक्षीय उद्बोधन में वरिष्ठ साहित्यकार टीकाराम त्रिपाठी ने डॉ साक्षी को निजी दुखों को भुलाकर दूसरों के लिए जीवन जीने वाले गंभीर विचारक व ओशो दर्शन के अध्येता के रूप में अभिव्यक्त करते हुए कहा उनकी कविताओं में जीवन दर्शन स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। विशिष्ट अतिथि एड डी पी तोमर ने साक्षी जी से जुड़े संस्मरण साझा किए। इस अवसर पर नवगठित संस्था साक्षी फाउंडेशन द्वारा युवा शायर नईम माहिर को स्व.डा. गोपीरंजन साक्षी प्रखर प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती महात्मा गांधी एवं स्व साक्षी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पण से हुआ। कवि पूरनसिंह राजपूत ने सरस्वती वंदना की। श्यामलम अध्यक्ष उमा कान्त मिश्र ने कार्यक्रम परिचय तथा आयोजक आशीष ज्योतिषी ने स्वागत उद्बोधन दिया।

## सहायक यंत्री और प्रभारी कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग सागर को कारण बताओ नोटिस

**सागर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार ईव्हीएम मशीनों की एफएलसी का कार्य 29 जनवरी से प्रारंभ हो गया है। अनिरूद्ध आनंद सहायक यंत्री एवं प्रभारी कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग को एफएलसी के समय वेयर हाउस खोलने एवं बंद करने और एफएलसी कार्य कराने में सहयोग करने का कार्य दिया गया है। परन्तु वे 29 जनवरी को कार्य पर उपस्थित नहीं हुए है जिससे एफएलसी जैसा महत्वपूर्ण कार्य प्रभावित हो रहा। उक्त कृत्य म.प्र. सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम एवं लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के अनुसार अवचार की श्रेणी में आता है।उप जिला निर्वाचन अधिकारी भव्या त्रिपाठी ने बताया कि इस संबंध में अनिरूद्ध अपना स्पष्टीकरण तत्काल जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। अन्यथा की स्थिति में उनके विरूद्ध म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के प्रावधान के तहत समुचित अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिए आयुक्त, सागर संभाग, सागर की ओर प्रस्ताव प्रेषित किया जायेगा।

राष्ट्रीय महिला लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में शामिल हुए युवा नेता अबिराज सिंह

# खेलों से हमारे अंदर कभी न हार मानने का जज्बा बढ़ता है :अबिराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

ऐसे टूर्नामेंट स्वामी विवेकानंद जी के उस संकल्प को गति देते हैं, जो स्वामी विवेकानंद जी का था और जो हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का है। हमारे देश की बहिन, बेटियां और युवा हर क्षेत्र में आगे बढ़ें। खेल, शिक्षा, विज्ञान, टेक्नालॉजी में आगे बढ़ें। इस संकल्प को गति देने यह टूर्नामेंट कराया जा रहा है। यह उद्गार युवा नेता अबिराज सिंह ने राष्ट्रीय महिला लेदर वॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में व्यक्त किए।

अबिराज सिंह बुधवार को राष्ट्रीय महिला लेदर वॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। ज्ञातव्य है कि वीरांगना वाहिनी उत्सव समिति सागर द्वारा डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय मैदान में आयोजित वीरांगना नारी शक्ति टी-20 क्रिकेट कप 24 जनवरी से 2 फरवरी तक आयोजित किया गया है। टूर्नामेंट में 5 टीमें देश के अलग-अलग राज्यों से व





सागर, भोपाल एवं रीवा की 3 टीमें टूर्नामेंट में शामिल हुई हैं।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अबिराज सिंह ने कहा कि मुझे अभी तक बहुत सारे टूर्नामेंट में जाने का अवसर मिला है, इनमें बैडमिंटन, क्रिकेट सहित मैं कई टूर्नामेंट में शामिल हुआ हूं। आज यह पहला अवसर है जब मैं किसी वूमन ट्रॉफी टूर्नामेंट में मैं आया हूं, यह मेरे लिए बहुत प्रसन्नता व हर्ष का विषय है। उन्होंने कहा कि खेल हमारी जनरल फिटनेस को अच्छा बनाते हैं। खेलों से हमें जीवन के अनेक अनुभव मिलते हैं, खेल में हार-जीत तो होती रहती है पर खेल हमारे अंदर पेंसेंस और आत्मविश्वास बढ़ाते हैं। उन्होंने कहा कि खेलों से हमारे अंदर कभी न हार मानने का जज्बा बढ़ता है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा है कि युवा निरंतर आगे बढ़ें और अपने देश का नाम पूरे विश्व में रोशन करें। उन्होंने स्वामी विवेकानंद जी की एक बात को व्यक्त करते हुए कहा कि, युवा वो हैं जिनके हांथों में शक्ति, पैरों में गति, हृदय में ऊर्जा और आंखों में सपने होते हैं।

कार्यक्रम में संयोजक राजकुमार सुमरेड़ी, प्रबंधक डॉ. उमेश सराफ, सह प्रबंधक संदीप तिवारी, अध्यक्ष जिला उत्सव समिति अमित केशरवानी, अध्यक्ष आयोजित समिति विक्रम सिंह राजपूत सहित भाजपा युवा मोर्चा के स्थानीय कार्यकर्ता एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

## आर्थिक कमजोरी किसी भी बेटी को आगे बढ़ने में बाधक नहीं बनने दी जाएगी : शैलेंद्र जैन

**सागर।** महारानी लक्ष्मीबाई सीएम राइस विद्यालय में कक्षा 12 वी के विद्यार्थियों के विदाई समारोह आयोजित किया गया, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सागर विधायक शैलेंद्र कुमार जैन उपस्थित थे, उन्होंने बेटियो को उत्साहवर्धक उद्बोधन देकर संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज असली बेटियों की शिक्षा का एक स्तर पूर्ण करके आप दूसरे स्तर पर प्रवेश कर रहे हैं, यह हमारे जीवन का बहुत बड़ा पड़ाव है यह आपके जीवन का लक्ष्य निर्धारण करेगा स्कूली जीवन का ध्येय अलग होता है और महाविद्यालयीन जीवन में प्रवेश करते ही आपका बचपन गायब हो जाता है और हमारे अंदर जिम्मेदारी और अपने भविष्य की चिंता का अहसास आता है। उन्होंने कहा कि किसी भी बेटी के जीवन में आर्थिक कमजोरी उसके आगे बढ़ने के मार्ग में अवरोधक नही बनेगी आप चलते रहिए मैं आपकी हर कठिनाई को दूर करूंगा, आप सकारात्मक विचारों के साथ आगे बढ़े अपने अंदर की इच्छा और भावों को प्रगट करें और जो आपका मूल है मतलब जो आपकी रुचि है उसको आत्मसात करके अपने अभिभावकों को विश्वास में लेकर अपने कैरियर का चयन करें और आगे सफलता प्राप्त करें। कार्यक्रम को प्राचार्य विनय दुबे ने भी संबोधित किया, इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मनीष चोबे, रीतेश मिश्रा, उप प्राचार्य वंदना खरे, राकेश जैन, शीतल जैन सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं शिक्षक उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**

## हजरत साहब के साथ नपाध्यक्ष पहुंचे देवआस्था पुस्कालय



**टीकमगढ़।** देवआस्था पुस्तकालय मे आगमन जहां चरखा को देखकर हजरत साहब जबलपुर वालों ने कहा कि देश की जनता में आत्मबल का संचार करने वाले, सत्य एवं अहिंसा के पुजारी राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी ने समूचे विश्व को जो सत्य, अहिंसा, शांति एवं समानता का पाठ पढ़ाया वो आज भी प्रासंगिक है। अहिंसा के रास्ते सर्वोदय परिवार द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर अहिंसा उत्सव मनाया जाना महत्वपूर्ण है।

## राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए खिलाड़ी रवाना हुए गाजियाबाद



**टीकमगढ़।** प्रसन्ना कुमार सॉफ्टबॉल कोच एवं जिला सॉफ्टबॉल समिति टीकमगढ़ के सचिव ने बताया कीवेस्ट जोन राष्ट्रीय सॉफ्टबॉल चैंपियनशिप जो आगामी 2 से 4 फरवरी को उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता भारतीय खेल प्राधिकरण प्रशिक्षण केंद्र टीकमगढ़ के कोच देवेश चंदेल के मार्गदर्शन में जिले 4 खिलाड़ी स्नेहा यादव, समीक्षा खरे महिला वर्ग एवं कृष्णकांत अहिरवार, प्रशांत यादव पुरुष वर्ग का चयन मध्यप्रदेश टीम में हुआ है। इस अवसर पर जिला कलेक्टर अवधेश कुमार शर्मा, पुलिस अधिक्षक रोहित कासवानी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम सत्या, अब्दुल तारिक कोषाध्यक्ष जिला सॉफ्टबॉल संघ, मनीष श्रीवास्तव ने खिलाड़ियों को बधाई दी ।

## विवाद में पत्नी ने पति को मारा हसिया, मौत

**बीना।** थाना अंतर्गत ग्राम धनौरा में एक पत्नी ने घरेलू विवाद के चलते अपने पति पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर हत्या कर दी है। सूचना मिलते ही घटना स्थल पर पुलिस पहुंची और घटना स्थल की जांच कर पंचनामा कार्रवाई करते हुए मृतक के शव का सिविल अस्पताल में पीएम कराया गया है। पुलिस ने मृतक की पत्नी के खिलाफ धारा 302 हत्या का मामला दर्ज कर महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। जानकारी अनुसार शहर से करीब 5 किमी दूर धनौरा गांव में बीती रात घरेलू विवाद को लेकर हेमलता उर्फ अंगूरी बाई उम्र 20 वर्ष ने अपने पति दयाराम पिता प्रेम नारायण कुशवाहा की 30 वर्ष पर सोते वक्त धारदार हथियार हसिया से हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल होने के कारण उसकी मौत हो गई। जब मृतक का भाई सुबह उठा तो देखा के घर के दरवाजे की बाहर से कुंडी लगी थी। जब वह घर के अंदर गया तो भाई खून में लथपथ पड़ा हुआ था। जिसे परिजनों के द्वारा सिविल अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया।

# वन क्षेत्र में अवैध उत्खनन करने वाली जेसीबी मशीन को पुलिस ने उत्तर प्रदेश से जब्त किया

**टीकमगढ़/कुण्डेश्वर।** वन परिक्षेत्र टीकमगढ़ की अजनौर बीट के बीटगार्ड सुनील यादव को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम समर्रा में कक्ष क्रमांक पी114ए की पहाड़ी के पास एक जेसीबी मशीन अवैध रूप से मुरम का उत्खनन कर रही है। इस पर बीटगार्ड द्वारा उच्च अधिकारीयों को बल उपलब्ध कराने की सूचना देकर खुद मौका स्थल पर पहुँच गए। वहां पहुँच कर जेसीबी को कार्य करने से रोककर पूछताछ की गयी और मशीन का चेचिस नंबर नोट किया गया।

जिस पर मशीन चालक ने अपना नाम रूपसिंह लोधी निवासी ग्राम डूडा बताया। इतने मे अतिरिक्त बल को आता देखकर ड्राइवर बीटगार्ड सुनील यादव से धक्का मुक्की करके जेसीबी मशीन को भगाकर ले गया। अतिरिक्त वन स्टॉफ के साथ पूरी टीम ने शासकीय वाहन से जेसीबी मशीन का पीछा किया। चालक बड़ी लापरवाही से गाड़ी भगाते हुए तेजी से मौकास्थल से भागा जिसमे कई बार शासकीय वाहन पलटते - पलटते बचा। उबड़- खाबड़ ज़मीन और अंधेरा होने का फायदा उठाकर चालक जेसीबी मशीन लेकर मौका स्थल से भाग गया।




घटना की सूचना उपवनमण्डल अधिकारी और अन्य उच्च अधिकारियों को दी गयी और मुखविर से मशीन के बारे मे सूचना देने के लिए गुप्त तंत्र को सक्रिय किया गया। तभी उत्तरप्रदेश के नवागढ़ मे एक खेत मे मशीन के छुपे होने की सूचना प्राप्त हुयी। उप वनमंडल अधिकारी के मार्गदर्शन मे टीकमगढ़ व ललितपुर पुलिस कप्तान से संपर्क करके सौजना थाने की पुलिस की सहायता से एसडीओ टीकमगढ़ और परिक्षेत्र अधिकारी टीकमगढ़ सौरभ जैन ने अपनी टीम के साथ मौकास्थल पर पहुंचकर जेसीबी मशीन को रात के अँधेरे मे खेतों मे ढूंढ निकला और जब्त करके मामौन डिपो मे सुरक्षित रखवाया गया।

समस्त कार्यवाही मे मौकास्थल पर उपवनमंडल अधिकारी टीकमगढ़ श्रीमति अमिता के बी, परिक्षेत्र अधिकारी टीकमगढ़ श्री सौरभ जैन, वनपाल श्री शहीद मुहम्मद एवं श्री राजेंद्र सिंह के साथ बीटगार्ड श्री सुनील यादव, विकास विश्वकर्मा, बाबूलाल विश्वकर्मा, मातादीन रैकवार , अरुण अहिरवार, राजेश पटेल, अजय अहिरवार, काशीराम अहिरवार, बीरेंद्र सौर, जुगलकिशोर, किशोर नामदेव उपस्थित रहें। वहीं इस कार्यवाही में शामिल सभी को पुरस्कृत करने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को पत्र लिखा गया है।

## सेवानिवृत्त होने पर दी गई विदाई



**कुंडेश्वर धाम।** कुंडेश्वर निकट अस्तौन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अस्तौन में पदस्त शशिकांत तिवारी के सेवानिवृत्त होने पर समस्त स्टाफ व गामीणो ने दी विदाई ।

शशिकांत तिवारी मूलतः उत्तरप्रदेश के ललितपुर जिला के दारोनी के निवासी है । 35 वर्षा 10 माह 18 दिन की सेवा स्वस्थ विभाग में देने के वाद आज सेवा से निर्वित्त हुये बता दे कि 12 मार्च 1988 में तिवारी जी ने प्रथमिक स्वस्थ्य केंद्र अस्तौन से ही सेवा शुरू की थी 35 साल आप एक ही स्थान पर रहने के वाद आज सेवानिवृत्त हुये इस अवसर पर उनके शुभचिंतक डॉक्टर धीरेन्द्र त्रिपाठी, राजाराम यादव, प्रभुदयाल दीक्षित, राजेन्द्र सिरोठिया, सुरेन्द्र सिंह भदौरिया, मनदीप सोनी, एवम परिजनों के साथ उनके सहपाठी प्रशांत द्विवेदी, जगत यादव, सुरेन्द्र साह वाल्मीकि, सुरेन्द्र राय, सीमा शर्मा, ममता कुशवाहा, महेश अहिरवार, दीपक वाल्मीकि, उर्मिला घोष अंजली चन्दोल, परशराम अहिरवारआदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे ।

## धर्म नगरी टीकमगढ़ में हुआ मुनिश्री जी का मंगल प्रवेश



**टीकमगढ़।** नगर के 1008 पारसनाथ दिगंबर जैन बाजार मंदिर में बुधवार के रोज महा मुनिराज का मंगल प्रवेश हुआ। जिसमें सैकड़ो की संख्या में माता बहने एवं पुरुष शामिल रहे ।

अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र जनता ने बताया की महा मुनिराज पपौराजी से सुबह 9:00 बजे पारसनाथ दिगंबर पंचायती जैन मंदिर पहुंचे एवं दर्शन किए, इसके बाद उनका बाजार जैन मंदिर पर भव्य मंगल प्रवेश हुआ। जहां धर्मावलंबियों ने महाराजश्री के मंगल प्रवचनों को श्रवण कर धर्मलाभ प्राप्त किया।

महाराजजी ने कहा जिन्होंने अपने जीवन को सही दिशा दी वह मंगलमय हो गए, उन्होंने कहा कि हमारा नाम संसार की लिस्ट में नहीं सिद्धों की लिस्ट में आना चाहिए। वह जियो और जीने दो के मार्ग पर हमें चलना होगा। इस अवसर पर सोनू वैसाकियां, लालू कारी, सार्थक जैन, शिवेंद्र खेड़ा सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

पन्ना टाइगर रिजर्व में पहुंचे थे धन खोदने, वन अमले ने दिया कार्रवाई को अंजाम

# धन खोदने वाले स्थानीय दो लोग गिरफ्तार चार पहिया वाहन सहित एक बाइक बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

पन्ना टाइगर रिजर्व में पहुंचे थे धन खोदने, वन अमले ने दिया कार्यवाही को अंजाम टीकमगढ़। बीते दिनों मध्यप्रदेश के पन्ना जिला मुख्यालय पर स्थित पन्ना टायगर रिजर्व में टीकमगढ़ के दो लोग गढ़ा हुआ धन खोदने के आरोप में गिरफ्तार किए गए। जिनके साथ अन्य जिलों के आरोपी भी गिरफ्तार किए जाकर उनके कब्जे से एक चार पहिया वाहन सहित एक बाइक व कार्य में उपयोग किए जाने वाले औजार बरामद किए गए हैं। प्रथम दृष्टया से साक्ष्यों के आधार पर पन्ना जिले के वन अमले ने अपनी कार्यवाही को अंजाम दिया है।




सूत्रों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक बीते दिनों शैलेन्द्र यादव निवासी चकरा तिगैला, टीकमगढ़ एवं कलेक्ट्रेट कार्यालय के तहसील कार्यालय में पदस्थ कर्मचारी हरगोविन्द सोनी को पन्ना वन विभाग के अमले ने उनके साथियों सहित दफिना खोदने के मामले में गिरफ्तार कर कार्यवाही को अंजाम दिया है। फिलहाल सभी आरोपियों को पांच-पांच हजार रुपए के मुचलके पर जमानत देकर रिहा कर दिया गया है। इस मामले में पूर्व विधायक के भाई शैलेन्द्र यादव एवं शासकीय कर्मचारी हरगोविन्द सोनी के अलावा चार अन्य लोगों का नाम शामिल होना बताया जा रहा है। शैलेंद्र यादव को पूर्व विधायक रेखा यादव का भाई बताया जा रहा है। सभी को हिरासत में लिया गया था। जिनके कब्जे से एक ईनोबा सफेद रंग की जिसका क्रमांक यूपी 93 बीपी 4445 बताया जा रहा है इसके साथ ही एक बाईक जब्त की गई है। साथ ही आरोपियों के कब्जे से मेटल डिटेक्टर भी बरामद किया गया है। तहसील कार्यालय में पदस्थ कर्मचारी हरगोविन्द सोनी इस मामले से जमानत होने के उपरांत पुनः सुचारू रूप से शासकीय सेवाएं दे रहे हैं जो एक प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर कई सवालिया निशान उठा रहा है। हालांकि हरगोविन्द सोनी का कहना है कि मुझे इस मामले में षडयंत्र पूर्वक जानबूझकर फंसाया गया है।

### कई वर्षों से चल रही थी दफिना निकालने की रणनीति

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक शैलेन्द्र यादव एवं तहसील कार्यालय में पदस्थ श्री सोनी कई वर्षों से जिले सहित अन्य जिलों में स्थित प्राचीन इमारतों पर अपनी निगरानी बनाए हुए थे। जहां वह अपने हिसाब से दफिना निकालने की रणनीति तैयार कर रहे थे। वहीं सूत्रों की मानें तो संबंधितों के पास धन पता लगाने सहित उसे निकालने के सारे उपकरण उपलब्ध थे। ऐसी जानकारी शहर के कई लोगों के पास थी। जो अब शहर में चर्चा का विषय बनी हुई है।

### जांच का विषय है

इस सारे मामले की जानकारी मुझे आज ही प्राप्त हुई है, रही बात मेरे विभाग में पदस्थ कर्मचारी के शामिल होने की तो वह एक जांच का विषय है, जिसकी जानकारी जुटाकर वरिष्ठ अधिकारियों को सारे घटनाक्रम से अवगत कराया जाएगा। जो दिशा निर्देश उनके द्वारा दिए जाएंगे, उसके मुताबिक आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

**जी.एस. ठाकुर, तहसीलदार टीकमगढ़**

## सिविल अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन आज

**बीना।** सिविल अस्पताल सभागार में भारतीय तटरक्षक दिवस के अवसर पर आज सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक सिविल अस्पताल डॉक्टर्स व अस्पताल स्टाफ एवं स्वास्थ्य सेवा संगठन के द्वारा रक्त-क्रांति रक्तदान शिविरझ 57 का आयोजन किया जाएगा। संरक्षक रक्त-क्रांति रक्तदान शिविर एवं चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर वीरेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि अब तक 56 रक्त-क्रांति रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जा चुका है। जिसमें रक्तदाताओं के द्वारा 1767 से अधिक ब्लड यूनिट्स रक्तदान किया जा चुका है। जिसे जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की आपूर्ति की जा रही है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि मरीजों के जीवन की रक्षा के लिए रक्तदान अवश्य करें।

# रैपिड एक्शन फोर्स ने शहर में निकाला पैदल फ्लैग मार्च

**बीना।** क्षेत्र में कानून व्यवस्था को बनाए रखने के तहत मंगलवार को रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) ने शहर में पैदल फ्लैग मार्च निकाला। जानकारी अनुसार रैपिड एक्शन फोर्स ए/107 वाहिनी के प्लाटून कमांडर जगदीश प्रसाद बलाई के आदेश पर एसक्यू अख्तर जमाल और नंदीबाबू ओगिराला के नेतृत्व में पुलिस के साथ शहर में फ्लैग मार्च निकाला गया। जिसमें 43 अधिकारी, कर्मचारी रैपिड एक्शन फोर्स के शामिल रहे। फ्लैग मार्च से पहले थाना परिसर में पौधारोपण किया गया। तत्पश्चात शहर में पैदल फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च थाना परिसर से शुरू हुआ, जो सर्वोदय चौक, स्टेशन रोड, गांधी तिराहा, महावीर चौक, कच्चा रोड होते हुए वापस थाना परिसर पहुंचा। फ्लैग मार्च में रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों के अलावा स्थानीय थाना प्रभारी भरत सिंह ठाकुर के अलावा पुलिस बल मौजूद रहा।



‘हम और आप जितना भी पुण्य कमा रहे हैं वह सब गुरु महाराज के चरणों में समर्पित है’

# पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के दूसरे दिन गर्भ कल्याणक मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

कच्चा रोड स्थित जैन शिक्षा केंद्र 3 नंबर स्कूल में चल रहे 1008 श्री मज्जिनेन्द्र जिनबिम्ब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव, विश्व शांति महायज्ञ एवं गजरथ महोत्सव के दूसरे दिन बुधवार को गर्भ कल्याणक मनाया गया। पंचकल्याणक आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के आशीर्वाद एवं मुनि श्री सुव्रतसागर महाराज के सानिध्य में संपन्न हो रहा है। धर्म सभा को संबोधित करते हुए मुनि श्री सुव्रतसागर महाराज ने बताया कि पंचकल्याणक के दूसरे दिन गर्भ कल्याणक मनाया जाता है। इस कल्याणक में भगवान गर्भ में आते हैं और संसार से मोक्ष जाने के संस्कार प्राप्त करते हैं। पाषाण से परमात्मा कैसे बनाए जाते हैं। जिसकी पूरी विधि पंचकल्याणक में देखने को मिलती है। घट यात्रा से गर्भ कल्याण प्रारंभ हो जाता है जो दो दिनों तक चलता है।




मुनिश्री ने कहा कि हम और आप जितना भी पुण्य कमा रहे हैं वह सब गुरु महाराज के चरणों में समर्पित है और भावना यही रखी जा रही है कि गुरु महाराज शीघ्रता से स्वस्थ हो। चूंकि पिछले बहुत दिनों से आचार्य गुरुवर श्री विद्यासागर महाराज अस्वस्थ चल रहे हैं। इसलिए उनके स्वास्थ्य की मंगल कामना करते हुए यह महोत्सव आयोजित हो रहा है। मुनि श्री ने अपनी बात को आगे बढाते हुए कहा कि हमारा पंचकल्याणक करना तभी सार्थक होगा जब आप पंचकल्याणक में ऐसी भावना बनाएं कि आज हम पत्थर की धातु की प्रतिमाओं के पंचकल्याणक करवा रहे हैं। हे भगवान ऐसा ही हमारी आत्मा का कल्याणक हो हम भी ऐसे भगवान बने और हम भी संसार से मोक्ष को प्राप्त करें। मुनिश्री निरुपम सागर महाराज ने धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी लोग इस कार्यक्रम में शामिल होकर पुण्यार्जन करेंगे आप लोगों का दायित्व भी बनता है कि आप लोग भी शामिल होकर अपनी आत्मा को पवित्र बनाएं। इसके अलावा मुनिश्री निर्दोष सागर एवं मुनिश्री निर्लोभ सागर महाराज ने भी धर्म सभा को संबोधित किया।

गर्भ कल्याणक के दूसरे दिन भगवान की गोद भराई होती है। मुनि श्री ने इस बात पर प्रकाश डालते हुए बताया कि सभी माताएं बहनें भगवान की माता की गोद इसलिए भरती है कि है माता जैसे तुमने तीर्थंकर प्रभु को जन्म दिया है अथवा देने वाली हो ऐसे ही हमें अपने जीवन में भगवान को अपने गर्भ में रखने का अवसर प्राप्त हो और उन्हें जन्म देने का सौभाग्य भी प्राप्त हो इसलिए गोद भराई का कार्यक्रम रखा जाता है। मुनि श्री ने कहा कि जो व्यक्ति भगवान की माता की गोद भरते हैं अथवा सामान्य माता की गोद भरते हैं उन लोगों को भी अपनी गोदी भरने का सौभाग्य प्राप्त होता है। इसलिए यह अनुष्ठान अपने आप में बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है।

# मयंक की शानदार पारी से जीता राम वार्ड इलेवन

**बीना।** 20 जनवरी से रेल संस्थान अंटाघर में एकता मंच जन कल्याण समिति द्वारा आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट स्मृति कप के 10 वें दिन तीन मैच खेले गए। पहला मैच मेऊली इलेवन एवं रामवार्ड इलेवन के बीच में खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए राम वार्ड इलेवन ने 8 ओवर में 126 रन बनाएं। सोहिन ने 22 गेंद पर 46 रन और मयंक ने 15 गेंद पर 41 रन बनाएं। जवाब में मेउली इलेवन की टीम ने 8 ओवर में 52 रन ही बना सकी और यह मैच राम वार्ड इलेवन ने यह मैच 73 रन से जीत लिया। मैन ऑफ द मैच मयंक रहे, मयंक ने 41 रन एवं 5 विकेट लिए। वहीं दूसरा मैच नानक वार्ड इलेवन और मंडी बमोरा के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए मंडीबामोरा ने 7.2 ओवर में 65 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। जबाब में नानक वार्ड ने 4.2 ओवर में ही मैच जीत लिया।

**रेल संस्थान अंटाघर में चल रहा स्मृति कप क्रिकेट टूर्नामेंट**

तीसरा मैच राम वार्ड इलेवन और नानक वार्ड इलेवन के बीच हुआ। जिसमें टॉस जीत कर नानक वार्ड इलेवन ने गेंदबाजी की और बल्लेबाजी के लिए राम वार्ड को आमंत्रित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए राम वार्ड इलेवन ने 8 ओवर में 117 रन बनाएं देवेंद्र ने 13 गेंद पर 32 रन, सोहिल ने 16 गेंद में 31 रन और मयंक ने 19 गेंद पर 45 रन बनाएं। जवाब में नानक वार्ड इलेवन 8 ओवर में केबल 72 रन ही बना सकी और यह मैच राम वार्ड इलेवन ने 45 रन से मैच जीत लिया।

### बीएसएनएल ने शुरू की तैयारी, कलेक्टर ने बैठक में दी जानकारी

# अब हर गांव तक पहुंचेगी संचार की सुविधा, लगेंगे 37 नए मोबाइल टॉवर

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

जिले के अब हर गांव में संचार की सुविधा उपलब्ध होगी। जिले के दूरस्थ गांवों में रहने वाले ग्रामीणों को भी अब अपने मोबाइल में बीएसएनएल का नेटवर्क मिलेगा। इसके लिए जिलेभर में 37 स्थानों पर बीएसएनएल के मोबाइल टॉवर लगाए जाएंगे। जिले में यह नई कवायद शासन की पीएम जनमन योजना के तहत की जा रही है। कलेक्टर संजय कुमार ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में पीएम जनमन योजना के तहत आयोजित समीक्षा बैठक में अधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर संजय कुमार ने बताया कि जिले में 37 नए बीएसएनल टॉवर ऐसे गांवों में लगाए जाएंगे,जहां पर अभी तक मोबाइल सर्विस सेवा नहीं पहुंच सकी है।

पीएम जनमन योजना के तहत आयोजित समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने सभी विभागों के अधिकारियों से उनके यहां संचालित योजनाओं की जानकारी ली इस दौरान आधार कार्ड बनाने आयुष्मान कार्ड बनाने प्रधानमंत्री खाद्यान्न योजना के तहत पात्रता पर्ची बनाने इत्यादि कामों की समीक्षा की और समय सीमा में हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ देने के निर्देश दिया कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पीएम जनमन योजना के तहत भारत सरकार की जितनी भी योजनाएं संचालित है उन योजनाओं का लाभ हर उस व्यक्ति तक पहुंचना जरूरी है जो इसका हकदार है। किन्ही कारणों से अगर कोई हितग्राही योजना से वंचित रह जाता है तो उसकी जिम्मेदारी संबंधित विभाग प्रमुख पर आएगी। ऐसी स्थिति में अगर मगर वाले कारण नहीं माने जाएंगे। बैठक में समीक्षा के दौरान सामने आया कि पीएम जनमन के तहत 02 हजार 38 किसानों को लाभ दिया गया है। इसी प्रकार राशन कार्ड बनाये जाने के लिए चिन्हित 8029 हितग्राहियों में से 4079 के राशन कार्ड बनाये गये है, शेष हितग्राहियों के राशन कार्ड सात दिवस में बनाये जाने के निर्देश दिए गए।




#### इन गांवों में लगेंगे बीएसएनएल टॉवर

जेटीओ आनन्द बाबू ने बताया कि संचार सुविधा विहीन चकचाद खॉ, खोरियापुरा, सिरोंनी, भसुन्दर का टपरा, दीवानचंद का डेरा, झरेर, माधो का डेरा, अजनोई, कालीतलाई, भेला, बुढेरा, ककरधा, टिकटोली, कुरकुटा, नवलपुरा, पनार, सारनअहिरवानी, सिलोरी, मंडी, पातालगढ, सिमरोनिया, इमलिया, जयपुरा, खाडी नंबर-1, मकना का पुरा, माना का पुरा, मेघपुरा, नाद, पाच्यापुरा, शुक्रवारा, पिपलवाबडी, सिलपरा, सिमिलिया, सिठारिया का पुरा, थेर का पुरा, रायपुरा एवं हथेडी में बीएसएनएल टॉवर लगेंगे। उन्होंने बताया कि उपरोक्त सभी स्थानों पर टॉवर लगाने एवं लाइन बिछाने का कार्य चल रहा है तथा 14 स्थानो पर टॉवर लगा दिए गए हैं।

#### 30 हजार 891 आवास हितग्राही चिन्हित

पीएम जनमन योजना के तहत श्योपुर जिले में 30 हजार 891 हितग्राही सर्वे के दौरान पीएम आवास योजना के लिए चिन्हित किए गए। जिसमें से 14050 का पंजीयन पोर्टल पर कर दिया गया है तथा 6917 आवास स्वीकृत कर 3947 को प्रथम किस्त भी प्रदाय कर दी गई है, शेष हितग्राहियों की विभिन्न स्तरो पर प्रक्रिया जारी है।

#### युद्ध स्तर पर बनाए जा रहे आधार आयुष्मान कार्ड

पीएम जनमन योजना की समीक्षा के दौरान कलेक्टर संजय कुमार ने बताया कि सर्वे के दौरान चिन्हित 14 हजार 775 लोगों में से 14 हजार 771 के आधार कार्ड बनाये जा चुके है। इसी प्रकार 11 हजार 215 हितग्राहियों में से 9 हजार 223 के जाति प्रमाण पत्र जारी किये गये है। आयुष्मान कार्ड की समीक्षा के दौरान बताया गया कि अभियान के तहत 77 हजार 439 आयुष्मान कार्ड बनाये गये। वर्तमान में 110 आईडी आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए चल रही है, जिनके माध्यम से प्रतिदिन लगभग 01 हजार आयुष्मान कार्ड बनाये जा रहे है। जिले में सेक डाटा के अनुसार 03 लाख 85 हजार आयुष्मान कार्ड का लक्ष्य था, जिसके विरूद्ध अभी तक 03 लाख 41 हजार आयुष्मान कार्ड बनाये जा चुके है।

### कल संभाग स्तर पर भेजे जाने हैं जिला स्तरीय प्रतियोगिता के विजेता

# लापरवाही:जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित करना भूल गया शिक्षा विभाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



विद्यार्थियों के कौशल विकास प्रदर्शन के लिए स्थानीय शिक्षा विभाग कितना लापरवाह है इसकी बानगी राज्य स्तरीय विज्ञान, गणित, पर्यावरण एवं सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन है। विद्यार्थियों में छुपी विज्ञान कौशल विकास प्रतिभा को तलाशने और तराशने की गरज से शिक्षा केंद्र द्वारा जारी की गई गाइडलाइन के तहत जिला स्तर 27 या 28 जनवरी को ये प्रतियोगिता आयोजित कराई जानी थी, जिसमें चयनित प्रतिभागियों को 2 फरवरी को संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में भागीदारी के लिए ग्वालियर भेजा जाना था। लेकिन अधिकारियों ने जब जिला स्तरीय प्रतियोगिता ही आयोजित नहीं कराई गई तो फिर जिले के विद्यार्थियों को इस प्रतियोगिता में भागीदारी का अवसर मिलना ही संभव दिखाई नहीं दे रहा है।

विद्यार्थियों में छुपी विज्ञान से जुड़ी प्रतिभा को तलाश कर उसे निखारने की गरज से इस बार राज शिक्षा केंद्र ने राज्य स्तरीय विज्ञान, गणित, पर्यावरण एवं सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन करने के निर्देश दिए हैं। राज शिक्षा केंद्र द्वारा जो कैलेंडर जारी किया गया है उसके तहत पहले संकुल केंद्र, उसके बाद ब्लॉक स्तर पर मॉडल प्रदर्शन प्रतियोगिता आयोजित कराई जानी थी, जिसमें चयनित मॉडलों को जिला स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में मॉडल प्रदर्शित करने के बाद चयनित मॉडलों को संभाग स्तर पर प्रदर्शित करने का अवसर उपलब्ध कराया जाना था जिसमें चयनित प्रतिभागियों के मॉडल राज्य स्तर के प्रतियोगिताओं के लिए चयनित किया जाने थे। जिले के प्रतिभावान विद्यार्थियों को राज्य स्तर पर चमकने का अवसर शिक्षा विभाग के लापरवाह अधिकारियों के कारण हाथ से निकलता दिख रहा है, क्योंकि जब जिला स्तर पर प्रतियोगिता ही आयोजित ही नहीं की गई, तो फिर जिले के प्रतिभावान विद्यार्थी संभागीय प्रतियोगिता में शामिल होने कैसे पहुंच पाएंगे।

#### इस तिथियों में आयोजित होनी थी प्रतियोगिता

- 15 जनवरी से पूर्व शाला स्तर पर मॉडल चयन प्रतियोगिता
- 19 या 20 जनवरी को जन शिक्षा केंद्र स्तर पर मॉडल प्रदर्शन
- 23 या24 जनवरी को विकास खंड स्तर पर मॉडल प्रदर्शन
- 27 या28 जनवरी को जिला स्तर पर मॉडल प्रदर्शन प्रतियोगिता
- 2 या 3 फ़रवरी को संभाग स्तरीय मॉडल प्रदर्शन प्रतियोगिता
- राज्य स्तर पर मॉडल प्रदर्शन प्रतियोगिता तिथि घोषित नहीं।

#### कार्रवाई करेंगे

विज्ञान प्रदर्शनी के आयोजन में गंभीर लापरवाही बरती गई है। जिसके कारण विद्यार्थियों को संभाग स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए नही भेजा जा रहा है। इस संबंध में जो भी दोषी होगा, उनपर कार्रवाई की जाएगी।

**डॉ पीएस गोयल**
**डीपीसी श्योपुर**

# बनने के बाद पहली बार हुई नाले की सफाई, मढ पंप लगाकर निकाला पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



एमपीआरडीसी द्वारा शहर में बनाए गए नालों से पानी निकासी नहीं होने से नागरिकों को सुविधा के बजाय असुविधा का अधिक सामना करना पड़ रहा है। इन नालों में पानी निकास नहीं होने की बानगी बुधवार को उस समय देखने को मिली जब शिवपुरी रोड पर नाला निकासी के दौरान नगर पालिका को पानी निकालने के लिए मढपंप का उपयोग करना पड़ा। लोगों ने बताया कि इस नाले की बनने के बाद पहली बार सफाई कराई गई।

शहर के शिवपुरी रोड पर भाजपा कार्यालय के नीचे से एफसीआई गोदाम तक बने नाला की सफाई नगर पालिका कर्मचारियों ने जेसीबी के माध्यम से की। नाले का पानी निकासी नहीं होने की वजह से रूक हुआ था,यह समस्या अतिक्रमण के कारण और गंभीर हो गई। अतिक्रमण के कारण नगर पालिका कर्मचारी नाला की सफाई नहीं कर पा रहे थे। बुधवार को नगर पालिका ने पहले नाले पर किए अतिक्रमण को हटाया और उसके बाद नाला की तलाझाड़ सफाई की गई। नाले में भरा पानी को निकालने के लिए नगर पालिका को मढ पंप का उपयोग करना पड़ा।

# धरी गई तीन साल से फरार महिला वारंटी

**कोतवाली थाना पुलिस की कार्रवाई**

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

तीन साल से फरार चल रही एक महिला वारंटी को कोतवाली थाना पुलिस राजस्थान से अरेस्ट श्योपुर लाई और उसे यहां न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे न्यायालय ने जमानत पर छोड़ दिया। कोतवाली थाना प्रभारी योगेन्द्र सिंह जादौन ने बताया कि महिला किरण वैरवा के खिलाफ वर्ष 2021 में कोतवाली थाने में छेडछाड के मामले में सहयोगी बनने का मामला दर्ज हुआ था। उस समय यह महिला श्योपुर में रहती थी, लेकिन मामला दर्ज होने के बाद यह महिला श्योपुर छोडकर राजस्थान के पाली में जाकर रहने लग गई। मंगलवार को मुखबिर की एक सटीक सूचना पर एक पुलिस टीम को राजस्थान भेजकर फरार स्थाई वारंटी महिला किरण बैरवा को अरेस्ट किया और श्योपुर लाकर यहां न्यायालय में पेश किया।

# दरवाजे के आगे नींव खोदकर रोका रास्ता, पटवारी ने कर दिया झूठा सीएम हेल्पलाइन का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



दबंग ने आम रास्ते पर दरवाजे के सामने नींव खोदकर आवागमन बंद कर दिया। जब इस संबंध में सीएम हेल्पलाइन लगाई तो संबंधित हल्का पटवारी ने शिकायत को गलत बताकर सीएम हेल्पलाइन बंद करा दी। इस संबंध में ग्रामीणों ने एसडीएम को आवेदन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।

श्योपुर एसडीएम को सौंप गए ज्ञापन में ग्रामीणों ने उल्लेख किया कि एक बाहरी व्यक्ति द्वारा गांव में ऐसे स्थान पर नींव खोदकर मकान बनाने का प्रयास किया जा रहा है जहां से मोहल्ले वासियों का आना जाना बंद हो जाएगा। एक मकान का तो गेट ही नींव खोदने से बंद हो रहा है। इसकी शिकायत पूर्व में भी ग्रामीणों ने की थी लेकिन पटवारी द्वारा आरोपी से सांठगांठ होने के चलते अतिक्रमण हटाया नहीं जा रहा है। पूर्व में जब ग्रामीणों ने सीएम हेल्पलाइन लगाई तो पटवारी ने शिकायत को गलत बताकर बंद कर दिया। इस संबंध में ग्राम पंचायत ने भी ठहराव कर अतिक्रमण हटाने की मांग की है।

# सीएम के निर्देशों का पालन कराने में श्योपुर फिसड्डी

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

मुख्यमंत्री डॉ मोहन सिंह यादव द्वारा खुले में मांस मछली अंडा बिक्री पर प्रतिबंध लगाए जाने के फैसले को लागू करने में श्योपुर जिला संभाग में अन्य जिलों के मुकाबले फिसड्डी साबित हुआ है। इस कारवाई में भिंड और मुरैना जिले श्योपुर से बेहतर है। संभागीय समीक्षा के दौरान मांस मछली अंडा विक्रय पर प्रतिबंध लगाने के लिए नगर निकाय संस्थाओं द्वारा क्या कार्रवाई की गई इसमें जिला बार की गई समीक्षा के दौरान मुरैना जिले की आठ नगर निकाय संस्थाओं में 158 स्थान पर लापरवाह दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 4000 का अर्थ दंड वसूल किया गया। भिंड जिले की 13 नगर निकाय संस्थाओं में 127 लापरवाह दुकानदारों पर कार्रवाई करते हुए 6000 का अर्थ दंड वसूला गया। वहीं श्योपुर जिले की तीनों नगर निकाय संस्थाओं में सिर्फ 35 दुकानदारों पर कार्रवाई करते हुए 2000 का अर्थ दंड वसूला गया। यह कार्रवाई खुले में मांस मछली अंडा विक्रय करने वालों पर की गई थी।

# दोस्त से मिलने गए युवक की बाइक पार कर ले गए चोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

शहर के जैदा मंडी लिंक रोड से एक युवक की बाइक चोरी हो गई। युवक वहां रहने वाले अपने दोस्त से मिलने के लिए गया था। कोतवाली पुलिस ने बाइक चोरी का केस दर्ज कर बाइक चोर की तलाश शुरू कर दी है। कोतवाली पुलिस ने बताया कि सलापुरा निवासी चेतन मेहरा मंगलवार को जैदा मंडी लिंक रोड पर रहने वाले अपने दोस्त ईश्वर मीणा से मिलने के लिए उसके घर पर गया था। जहां उसने बाइक को घर के बाहर खडा कर दिया और फिर दोस्त से मिलने के लिए उसके घर के अंदर चला गया। जब वह मिलकर वापस लौटा,तब तक उसकी बाइक चोरी हो गई। चोरी गई बाइक की कीमत 20 हजार के आसपास आंकी गई है।

# मलेरिया का प्रकोप शिथिल पड़ा है जागरुकता ही बचाएगी बीमारी से: साहिब

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



मलेरिया का प्रकोप शिथिल पड़ा है खत्म नहीं हुआ। खतरा अभी बरकरार है। इसलिए सजग रहे और दूसरों को जागरूक करते रहें, जागरूकता ही बीमारी से बचाव का मुख्य हथियार है। यह बात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विजयपुर के तहत आने वाली आशा कार्यकर्ताओं को मलेरिया डेंगू रोग से बचाव संबंधित प्रशिक्षण देते हुए एमटीएस साहिब कुरैशी ने आशा कार्यकर्ताओं को समझाइश देते हुए कही।

जिला मलेरिया अधिकारी डॉ.एस एन बिंदल के निर्देशन में विकासखंड विजयपुर के उप स्वास्थ्य केंद्र श्यामपुर, ओछापुरा, रघुनाथपुर, गसवानी की आशा कार्यकर्त्ता को बैठक के माध्यम से मलेरिया का प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें एमटीएस साहिब कुरैशी ने आशा कार्यकर्त्ता को मलेरिया और डेंगू के नियंत्रण के लिए मलेरिया रोग के लक्षण, जांच, एवं इलाज संबंधित जानकारी देते हुए बताया गया कि कोई भी बुखार मलेरिया हो सकता है इसलिए बुखार आने पर मरीज कि तुरंत खून की जांच करें मलेरिया होने पर पूर्ण उपचार करें एवं सोते समय मच्छरदानी उपयोग कि सलाह दें।

आशा सहयोगी एवं आशा कार्यकर्ताओं को नियमित रूप से फीवर और लार्वा सर्वे कर बुखार रोगियों की किट द्वारा जाँच करने और लार्वा सर्वे करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हाल है में मलेरिया के मामलो में कमी आई है लेकिन यह कमी लोगों द्वारा सर्दी से बचाव करने के चलते आई है। लोग पूरे शरीर को ढकने वाले कपड़े पहन रहे हैं और रात में रजाई कंबल ओढ़ कर सो रहे है जिससे उन पर मच्छर अटैक नहीं कर पा रहा है। जैसे सर्दी का मौसम खत्म होगा वैसे ही हमारे सामने यह समस्या फिर आन खड़ी हो सकती है, इसलिए गर्मी जनित रोगों से बचाव की तैयारी अभी से करनी पड़ेगी।

### लोकसभा चुनाव की तैयारी, मतदाता सूची को किया जा रहा अपडेट

# मतदाता सूची में जुड़े 2044 नए नाम, अब जिले में हो गए कुल 5 लाख 12 हजार 248 मतदाता

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

भलेही अभी लोकसभा चुनाव की तारीखों का एलान नहीं हुआ है, लेकिन प्रशासन ने लोकसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए फोटो युक्त मतदाता सूची को अपडेट करने का काम लगातार चल रहा है। इसी माह 6 जनवरी से 29 जनवरी तक मतदाता सूची में नाम जुड़वाने का जो काम चला है, उसमें 2 हजार से ज्यादा नए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल किए गए हैं, जिन्हें मिलाकर जिले की दोनों विधानसभा क्षेत्रों में 5 लाख 12 हजार 248 मतदाता हो गए हैं। इन 24 दिनों में जिले में जो नए मतदाताओं के नाम बढ़े हैं, उनमें सबसे ज्यादा 18-19 वर्ष के नव मतदाताओं के नाम शामिल है। हालांकि अभी दावे-आपत्तियों का दौर चल रहा है और अंतिम सूची का प्रकाशन 8 फरवरी को होगा। अंतिम सूची के प्रकाशन के बाद ही अधिकृत पर यह साफ होगा कि जिले में कुल कितने मतदाता हो गए है।

बताया गया है कि विधानसभा चुनाव तक जिले की मतदाता सूची में कुल 5 लाख 12 हजार 248 मतदाताओं के नाम शामिल थे। इनमें 2 लाख 66 हजार 312 पुरूष मतदाता और 2 लाख 45 हजार 785 महिला मतदाता, 2 थर्ड जेंडर मतदाता तथा 149 सर्विस वोटर शामिल थे। इसके बाद 6 जनवरी से मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने का काम शुरू किया गया। 29 जनवरी तक चले नाम जोडने के इस काम के दौरान जिले की मतदाता सूची में 2 हजार 44 नए मतदाताओं के नाम जोड़े गए है। जिसके बाद जिले की मतदाता सूची में मतदाताओं की संख्या बढकर अब 5 लाख 14 हजार 292 हो गई है। इनमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 2 लाख 66 हजार 312 से बढकर 2 लाख 67 हजार 350 हो गई है। जबकि महिला मतदाताओं की संख्या में बढकर 2 लाख 46 हजार 787 हो गई है। एक थर्ड जेंडर और एक सर्विस वोटर भी इस अवधि के दौरान जिले में बढा है। क्योंकि विधानसभा चुनाव के दौरान जिले में 149 सर्विस वोटर और 2 थर्ड जेंडर वोटर थे।




#### विधानसभावार अब तक कुल मतदाता

| विधानसभा | पुरुष | महिला | थर्ड जेंडर | सर्विस | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| श्योपुर | 133923 | 125916 | 01 | 51 | 259891 |
| विजयपुर | 133427 | 120873 | 02 | 99 | 254401 |
| कुल | 267350 | 246789 | 03 | 150 | 5114292 |

#### विजयपुर में जुड़े सबसे ज्यादा नाम

श्योपुर विधानसभा के मुकाबले विजयपुर विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची में नाम अधिक शामिल किए गए है। बताया गया है कि श्योपुर विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची में 913 नए मतदाता और विजयपुर विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची में 1131 नए मतदाताओं के नाम बढे है। बता दें कि विधानसभा चुनाव के वक्त श्योपुर विधानसभा क्षेत्र में कुल 2 लाख 58 हजार 978 मतदाता थे, जिनमें 913 नए नाम जोडे गए है,जिसकारण अब मतदाताओं की संख्या बढकर 2 लाख 59 हजार 891 हो गई है। जबकि विजयपुर विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची में पहले 2 लाख 53 हजार 270 मतदाता थे, इनमें 1131 नए मतदाताओं के नाम जुडने के बाद अब कुल मतदाता 2 लाख 54 हजार 401 मतदाता हो गए हैं।

#### 1038 पुरुष तो 1002 महिला मतदाताओं के जुड़े नाम

6 जनवरी से 29 जनवरी तक चले मतदाता सूची में नाम शामिल करने के काम के दौरान जिले की मतदाता सूची में 1 हजार 38 नए पुरूष मतदाताओं के नाम शामिल किए गए है। वहीं एक हजार 02 महिला मतदाताओं के नाम भी जोडे गए है। जिसके चलते अब जिले में कुल पुरूष मतदाता 2 लाख 67 हजार 350 हो गए है। वहीं कुल महिला मतदाता 2 लाख 46 हजार 787 हो गए है। जबकि इसके पहले जिले की मतदाता सूची में 2 लाख 66 हजार 312 पुरूष मतदाता और 2 लाख 45 हजार 785 महिला मतदाताओं के नाम शामिल थे।

#### इनका कहना है

मतदाता सूची को अपडेट करने का काम लगातार चल रहा है। अभी की स्थिति में 5 लाख 14 हजार 292 मतदाता जिले में हैं। इसमें घट-बढ़ हो सकती है। अंतिम सूची का प्रकाशन 8 फरवरी को होगा।

**डॉ एके रोहतगी**
**उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्योपुर**

# नवागत ट्रैफिक प्रभारी ने संभाला प्रभार घूमा पूरा शहर, देखी यातायात व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



नवागत ट्रैफिक टीआई संजय सिंह राजपूत ने श्योपुर पहुंचकर विधिवत रूप से अपना पदभार संभाल लिया है। इसके पूर्व वे पुलिस अधीक्षक कार्यालय में अपनी आमद दर्ज कराने के साथही पुलिस अधीक्षक विकास पाठक से मिले। इसके बाद ट्रैफिक थाने पहुंचकर सूबेदार अनिल बाथम से पदभार ग्रहण किया। साथही यातायात थाने के स्टाफ से परिचय प्राप्त किया और उनकी बैठक लेकर साफ शब्दों में निर्देश जारी कर दिए कि काम में ढिलाई और लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसलिए सभी पुलिसकर्मी ड्यूटी स्थल पर अपनी ड्यूटी सक्रियता के साथ करे और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने की दिशा में काम करें। अधिनस्थ स्टाफ की बैठक लेने के बाद यातायात टीआई संजय सिंह राजपूत ने स्टाफ के साथ पूरे शहर का भ्रमण करते हुए यातायात व्यवस्था देखी और कहां क्या कमी है और वहां क्या सुधार हो सकता है, इस स्थिति को भी देखा। नवागत ट्रैफिक प्रभारी राजपूत ने कहा कि शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए पूरे प्रयास करेंगे। इसके लिए वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों का मार्गदर्शन और शहरवासियों का सहयोग जरूर लिया जाएगा। बता दें कि संजय सिंह राजपूत अभी तक उज्जैन में बतौर सूबेदार पदस्थ थे। जहां से शासन ने उन्हें सूबेदार से रक्षित निरीक्षक के पद पर प्रमोट करते हुए श्योपुर ट्रैफिक थाने का प्रभारी बनाकर भेजा है।

## खबर संक्षेप

### मतगणना संपन्न

**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल के निर्देशानुसार जिला पंचायत सदस्य उप निर्वाचन 2023 हेतु निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 05 जनपद पंचायत ईसागढ़ की मतगणना मंगलवार को प्रातरू 08 बजे से शासकीय महाविद्यालय ईसागढ़ में संपन्न हुई। जिला पंचायत सदस्य उप निर्वाचन हेतु मतगणना 06 राउण्ड में सम्पन्न हुई। जिला पंचायत सदस्य पद के लिए निर्वाचन परिणाम की घोषणा एवं निर्वाचित अभ्यर्थी को प्रमाण पत्र का प्रदाय 31 जनवरी 2024 को प्रात 10.30 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में किया जायेगा। मतगणना के दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुभाष कुमार द्विवेदी, प्रेक्षक उपेन्द्र नाथ शर्मा (सेवानिवृत आई एएस), संयुक्त कलेक्टर एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी सोनम जैन,ईसागढ़ एसडीएम शुभ्रता त्रिपाठी उपस्थित थे।

### चौराहे से बाइक चुरा ले गए अज्ञात बदमाश

**अशोकनगर।** सिटी कोतवाली अशोकनगर के अंतर्गत त्रिभुवन यादव निवासी नगेश्री ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसकी बाइक अशोकनगर के नगेश्री चैराहे पर रखी थीं। जिसका नंबर एमपी 67 एम ओ 304 है। जिसे कोई अज्ञात बदमाष चुरा ले गया

### अवैध शराब के मामले

**अशोकनगर।** जिले मे अवैध शराब के कई मामले दर्ज किए गए है। जिले की देहात थाने की पुलिस ने ग्राम लखेरी बसारती निवासी धर्मेन्द्र पुत्र भोलाराम के पास से 60 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। इसी प्रकार पिपरई पुलिस ने ग्राम मनहारी चक्क निवासी जैता बंजारा के पास से 10 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। इसी प्रकार कोतवाली पुलिस ने मंदसौर मिल क्षेत्र निवासी मनीष दंडोतिया से 10 लीटर और कालूराम कलावत से 15 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

### युवक का शव मिला

**अशोकनगर।** पीलीघटा रेल्वे स्टेषन और सिंध नदी के बीच रेल्वे टेक के किनारे पुलिस ने एक अज्ञात युवक का शव बरामद किया है। रेल्वे पुल क्रमांक 1074/31 और 32 के बीच युवक के शव पडे होने की सूचना मिली थीं जिसके बाद जीआपी पुलिस मौके पर पहुची। पुलिस ने मृतक की जेब राजकोट से गोरखपुर का टिकिट बरामद किया है। मृतक के सिर मे चोटे आई है।

### मारपीट के कई मामले

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रो मे मारपीट की घटनाओ के कई मामले दर्ज किये गए है। जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खोरीबरी निवासी अरविन्द यादव ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी शैलेन्द्र, गिरराज, सचिन, मनोज धाकड ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना मे दूसरे पक्ष की ओर से सीगोन निवासी शैलेन्द्र धाकड ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अरविन्द यादव ,सर्जन लोधी व पहलाद यादव ने उससे मारपीट की घटना नगर परिषद स्थल की है। 26 जनवरी को यह घटना हुई थी। जिसके बाद दोनो पक्षो की रिपोर्ट पर से पुलिस ने 29 जनवरी को यह कायमी की है।जिले के मुगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत रेल्वे स्टेशन प्लेट फार्म नं 2 पर निवासी अमरसिहं बागडी ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी चंद्रभान यादव,लाखन यादव,गुडडी बाई यादव ने उससे उसकी पत्नि से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के मुगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मुजफफरगढ थाना दीपनाखेडा जिला विदिशा निवासी गुडडी बाई बंजारा ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि बायपास रोड मुगावली पर आरोपी नवल बीरा और करण ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पचलाना निवासी दीपक रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी जगराम भीकम सिंह जितेन्द्र सिहं ने उससे मारपीट की और सरसो की फसल उखाड कर नुकसान कर दिया।

---

### शादी समारोह से वापस आते वक्त चंदोरिया गांव के पास हुआ हादसा, दो लोग गंभीर घायल

# डिवाइडर से टकराकर पलटी कार, पांच घायल




हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी

कोलारस थाना क्षेत्र के फोरलेन हाइवे चंदोरिया गांव के कट के पास बुधवार को दोपहर एक कार बेकाबू होकर पलट गई। इस घटना में 2 गंभीर तो वहीं 3 कार सवार मामूली घायल हुए हैं। जिन्हें उपचार के लिए कोलारस के स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के मुताबिक गुना जिले के रहने वाले अनिल शिवहरे उम्र 30 वर्ष और उनकी पत्नी लाली शिवहरे उम्र 28 वर्ष, घनश्याम शिवहरे उम्र 32 वर्ष व उनकी पत्नी मीरा एक कार ड्राइवर के साथ ग्वालियर में आयोजित शादी समारोह में शामिल होकर वापस गुना अपने घर की और लौट रहे थे। इसी दौरान उनकी कार चंदोरिया गांव के कट के पास डिवाइडर से टकराने के बाद तीन से चार पलटी खाते हुए डिवाइडर से टकराकर थम गई। इस घटना में दोनों महिलाओं को गंभीर चोटें आईं हैं। जिन्हें उपचार के लिए कोलारस के स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। बताया गया है कि यह घटना ड्राइवर को नींद की झपकी आने के चलते घटित हुई है। कोलारस थाना पुलिस ने मामले कि जांच शुरू कर दी है।

### स्कूल के किचिन की छत गिरी, बाल-बाल बचे बच्चे



शिवपुरी। रन्नौद नगर परिषद के खरीला (गांव) में प्राथमिक विद्यालय की मंगलवार को स्कूल की छुट्टी होने के कुछ देर बाद ही विद्यालय के किचन की छत भरभरा कर गिर गई। जिससे बड़ी घटना होने से बच गई। इस घटना से क्षेत्रीय लोगों में भय व्याप्त है। वह अपने बच्चों को स्कूल भेजने से डर रहे हैं। जानकारी के मुताबिक स्कूल की रसोई कुछ साल पहले ही सरपंच द्वारा बनवाई गई थी। छत गिरने से निर्माण में हुए भ्रष्टाचार की पोल खुल गर्इ है। छत महज डेढ़ इंची की डाली गई थी। वहीं 10 एमएम के पतले सिंगल सरिए का इस्तेमाल किया गया था। यही बजह है कि अब ग्रामीण अपने बच्चों को स्कूल भेजने से डर रहे हैं। बता दें कि पहले खरीला गांव का यह स्कूल ग्राम पंचायत के अंतर्गत आता था। लेकिन रन्नौद नगर परिषद में गांव के जुडने के बाद यह स्कूल नगरी क्षेत्र में आ गया। सूचना के बाद आज बुधवार को पटवारी ने मौका मुआयना किया है। संकुल प्रभारी पंकज सोनी ने भी मौके मौके का मुआयना किया और घटना किन कारणों से घटी इसे लेकर लापरवाही की जाँच करने की बात कही है।

### टायर फटने से पलटी बस, 4 यात्री घायल



बदरवास थाना क्षेत्र की सीमा से सटे हुए फोरलेन हाईवे पर मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात सवारियों से भरी एक बस अगला टायर फटने के चलते बेकाबू होकर पलट गई। इस घटना में बस में सवार चार सवारी घायल हुई हैं। जिन्हें उपचार के लिए गुना के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक सवारियों से भरी बस क्रमांक यूपी 51 बीटी 1215 महाराष्ट्र से चलकर उत्तरप्रदेश के सिद्धार्थ नगर जा रही थी। इसी दौरान रात 11 बजे के लगभग बदरवास थाना क्षेत्र के बॉर्डर से महज 500 मीटर दूरी हादसा हो गया, चूंकि घटना स्थल म्याना थाना में आता था। इसी के चलते बदरवास पुलिस मौके पर पहुच सकी और सवारियों को बस से बाहर निकाला। इस घटना में चार लोग घायल बताए गए हैं। जिन्हें उपचार के लिए गुना के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

---

### महिला के साथ दुष्कर्म करने वाले युवक पर मामला दर्ज

**शिवपुरी।** तेंदुआ थाना क्षेत्र के देहरौद गांव में एक 43 वर्षीय महिला के साथ गांव के रहने वाले भारत सिंह रावत ने उस समय दुष्कर्म कर दिया जब पीड़िता अपने खेत पर मवेशियों के लिए चारा काट रही थी। जिसकी शिकायत पीड़िता ने थाने पहुंचकर दर्ज कराई है। जिस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भादवि की धारा 376 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है। जानकारी के अनुसार देहरौद गांव में रहने वाली रामवती (काल्पनिक नाम) प्रतिदिन की तरह मंगलवार को अपने खेत पर मवेशियों के लिए घास काटने पहुंची थी उसी समय गांव का रहने वाला भारत सिंह रावत वहां आया और उसने पीड़िता के साथ जोर जबरदस्ती करना शुरू कर दिया जिसका पीड़िता ने विरोध किया तो आरोपी ने उसकी मारपीट की और उसके साथ जबरन बलात्कार कर दिया। बाद में आरोपी उसे धमकी देकर वहां से भाग गया। मंगलवार को किसी तरह हिम्मत जुटा कर उसने पूरी घटना अपने पति को बताई जिस पर पति ने उसे शिकायत दर्ज कराने थाने लेकर पहुंचा जहां पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया।

# सरकारी स्कूल की शिक्षिका के साथ धोखाधड़ी, 20 हजार ठगे


### बदमाश ने फोन पर कहा-20 हजार रुपए दे दो वरना सस्पेंड कर दूंगा, शिकायत पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी

एक शासकीय शिक्षिका के साथ अपर सचिव भोपाल के नाम से आए फोन द्वारा 20 हजार रूपए की ठगी कर ली गई। बता दें अपर सचिव भोपाल के नाम से आए फोन पर शिक्षिका की 181 पर दर्ज स्कूल न जाने की शिकायत को लेकर सस्पेंड करने का भय दिखाकर डराया गया था। अपर सचिव के फोन से डरी शिक्षिका ने 20 हजार रूपए पोनपे के जरिए कर भी दिए थे। जब बाद में शिक्षिका को अपने साथ हुई ठगी का एहसास हुआ इसके बाद शिक्षिका ने रन्नौद थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। रन्नौद थाना पुलिस ने बुधवार को अज्ञात ठग के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला पंजी बद्ध कर लिया है।

जिला रायसेन थाना सिलवानी के समनापुर गांव की रहने वाली 26 साल की शिक्षिका रामदेवी पत्नि पवन कुमार गौड ने पुलिस को बताया कि वह शासकीय प्राथमिक विद्यालय सूखाराजापुर में शिक्षिका के पद पर पदस्थ है। 29 जनवरी की शाम मेरे मोबाइल पर मोबाइल नंबर 7388377532 से कॉल आया और बोला कि मैं अपर सचिव भोपाल से बोल रहा हूं। आप स्कूल टाइम से नहीं जाती हो,







आपकी शिकायत 181 सीएम हेल्पलाइन पर बच्चों के पालकों ने की है। मैंने उनसे पूछा कि किसने शिकायत की है तो वह बोला कि तुम खुद पता कर लेना और मुझे धमकी दी कि मैं तुम्हें तीन माह के लिए निलंबित कर दूंगा, तुम्हारे पास 24 घंटे के अंदर नोटिस भेज देंगे आप और आपके पति दोनों मिलकर नोटिस पढ़ लेना। फिर वह बोला कि आप कुछ ले देकर मामला यहीं शांत कर लो आप मुझे 20 हजार रूपए दे देना, तो मैंने बोला कि इतने सारे रूपए मेरे पास नहीं है तो वह बोला कि मैं तुम्हें हमेशा के लिए निलंबित कर रहा हूं। शिक्षिका ने बताया कि निलंबन की कार्रवाई की बात सुन मैं डर गई और मैंने उनसे कहा कि तुम अपना मुझे फोन पे नंबर दे दो तो उसने मुझे 6388068416 फोन पे नंबर दिया, जिस पर मैंने 20 हजार रूपए 29 जनवरी की शाम को ट्रांसफर कर दिए थे। मैंने बीस हजार रूपए निलंबित होने के डर से ट्रांसफर कर दिए थे। उसने फर्जी अपर सचिव बनकर मुझसे फ्रॉड तरीके से 20,000 रूपए ट्रांसफर करवा लिए हैं। बाद में उसे पता चला कि इस प्रकार से अपर सचिव बनकर और भी शिक्षकों के पास फोन आए थे। तब उसे समझ आया कि वह ठगी का शिकार हो गई है। रन्नौद थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

---

**बोलीं- खराब खाना देतीं है, शिकायत पर भगाने की धमकी**

# छात्राओं ने जिला पंचायत सीईओ से की हॉस्टल वार्डन की शिकायत



हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी

शहर के कमलागंज क्षेत्र के शासकीय सीनियर बालिका छात्रावास की छात्राओं ने आज कलेक्टर के नाम जिला पंचायत सीईओ को एक शिकायती आवेदन सौंपा है। छात्राओं ने हॉस्टल की वार्डन पर मनमानी के आरोप लगाते हुए हॉस्टल में मिलने वाली सुविधाओं में सुधार करने की मांग की है।

शिकायत लेकर पहुंची छात्राओं ने बताया कि हॉस्टल में उन्हें मेन्यू के अनुसार नाश्ता और खाना नहीं दिया जा रहा है। उन्हें हर रोज खाने में सिर्फ नाममात्र मसाले डालकर फीकी सब्जी दी जाती है। इतना नहीं हॉस्टल में गंदगी रहती है। टॉयलेट में बाल्टियां तक नहीं है और दरवाजे भी खराब हैं। जब कोई छात्रा बीमार पड़ जाती है तो उन्हें दवा भी नहीं दी जाती है और उन्हें पढ़ाई छोड़कर घर जाने की बात कही जाती हैं। छात्राओं ने बताया कि हॉस्टल में आए दिन बिजली व्यवस्था बिगड़ जाती है। जब वार्डन से शिकायत करते हैं तो वे हमें डांट देती हैं। छात्राओं ने बताया कि जब हॉस्टल में खाने से लेकर अन्य व्यवस्थाओं में सुधार लाने की शिकायत होस्टल अधीक्षिका लता कटारे से की जाती है तो अधीक्षिका द्वारा उन्हें हॉस्टल से निकालने की धमकी दी जाती है। छात्राओं ने बताया कि हॉस्टल में बरती जा रहीं अनियमितता की शिकायत दर्ज कराने से पहले ही अधीक्षिका अधिकारियों के पास पहुंच जाती है। बता दें कि जब आज छात्राएं शिकायत दर्ज कराने पहुंची थी लेकिन इससे पहले ही अधीक्षिका लता कटारे जिला पंचायत के दफ्तर पहुंच चुकी थीं। शिकायत लेकर पहुंची छात्राओं को जिला पंचायत सीईओ उमराव मरावी ने जांच के बाद कार्रवाई और हॉस्टल में व्याप्त खामियों को दूर करने का आश्वासन दिया है।

# नदी के घाट पर रेत के लिए झगड़ा दो पक्षों में जमकर चले लाठी-डंडे

### दो घायल जिला अस्पताल में भर्ती, क्रॉस मामला दर्ज

**शिवपुरी।** मायापुर थाना क्षेत्र के मुकाझिर नदी की रेत के आधिपत्य को लेकर दो गांव के लोग आपस में झगड़ गए। इस घटना में दोनों पक्षों के बीच नदी के घाट पर जमकर लाठी-डंडे चले। इस झगड़े में घायल कुछ लोगों को मंगलवार रात जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मायापुर थाना पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ मारपीट की धाराओं में मामला पंजीबद्ध कर लिया है।

जानकारी के मुताबिक मायापुर थाना क्षेत्र के पायगा और चिन्नौदी गांव पास मुक्राझिर नदी से रेत निकालने का काम दोनों पक्ष कर रहे थे। बीते रोज नदी के घाट पर इक_ी की हुई रेत के पीछे दोनों गांव के लोग झगड़ गए। दोनों के बीच नदी के घाट पर रेत के हक को लेकर झगड़ा हो गया था। दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे चले थे। इसके बाद दोनों पक्षों के घायलों को उपचार के लिए बदरवास सहित जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मायापुर थाना पुलिस ने पायगा गांव के रहने वाले प्राण सिंह की शिकायत पर चिन्नोदी गांव के रहने वाले मुनिराम लोधी,राम सिंह लोधी और गजेंद्र लोधी के



खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। वहीं चिन्नोदी गांव के रहने वाले राम सिंह लोधी की शिकायत पर पायगा गांव के रहने वाले प्राण सिंह लोधी, रूप सिंह लोधी, बाबू लोधी और सुनील लोधी के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

---

### राम नाम जपने पर बेटे ने पिता को लाठी से पीटा

**शिवपुरी।** बैराड़ कस्बे में एक पिता को अपने ही घर में राम नाम जप करना महंगा पड़ गया। राम नाम का जाप करने से भड़के बेटे ने अपने पिता को लाठियों से बेरहमी से मारपीट कर दी। घायल पिता की शिकायत पर बुधवार को बैराड़ थाना पुलिस ने आरोपी बेटे के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। बैराड़ कस्बे के वार्ड क्रमांक तीन के रहने वाले 46 वर्षीय गिर्राज शर्मा पुत्र कमर लाल शर्मा ने बताया कि में मंगलवार रात दस बजे के लगभग अपने घर खाना खा कर राम नाम का जप करने लगा था। इसी दौरान मेरे बेटे श्याम शर्मा ने राम नाम के जाप को बंद कर चुप रहने की बात कही थी। जब मैंने अपने बेटे की बात न मानते हुए राम नाम को जपना जारी रखा, तो मेरे बेटे ने घर में रखी लाठी को उठाकर मुझे पीटना शुरू कर दिया। मेरे बेटे ने मुझ पर लाठियों के कई वार किए। मुझे मेरे भतीजों ने आकर मेरे बेटे से बचाया। बता दें कि पीड़ित पिता की शिकायत पर बैराड़ थाना पुलिस ने आरोपी बेटे के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के रहवासियों ने बताई अपनी-अपनी समस्याएं

# जनसुनवाई में 192 आवेदक अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

प्रति मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी द्वारा जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से अपनी-अपनी समस्याएं एवं शिकायतें लेकर आने वाले आवेदकों की समस्याओं को समक्ष में सुना। आवेदकों द्वारा आवेदनों देकर बताई गई समस्याओं पर गंभीरतापूर्वक से निराकरण करने के लिए उपस्थित जिला अधिकारियों को मौके पर निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में 192 आवेदन प्राप्त हुए।

#### ये आई समस्याएं

जनसुनवाई में इंद्र आवास कॉलोनी शाढोरा निवासी पूरन अहिरवार द्वारा बिजली का बिल कम कराए जाने,ग्राम विजयपुरा निवासी चंद्रशेखर अहिरवार द्वारा अंतेष्टी सहायता राशि दिलाए जाने,ग्राम बीसौर निवासी रिकी कोरी द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र दिलाए जाने,ग्राम मदउखेडी निवासी सुनीता बाई द्वारा राशन दिलाए जाने,ग्राम बंधी तहसील मुंगावली निवासी पूजा यादव द्वारा डिलेवरी के पैसे दिलाए जाने,ग्राम डोंगर निवासी रविंद्र यादव द्वारा मुख्यमंत्री लाडली बहना आवास योजना की लिस्ट मे नाम जुडवाए जाने,ग्राम कस्बारेंज निवासी बादाम बाई द्वारा लाडली बहना की राशि डलवाए जाने,वार्ड 05 पिपरई निवासी विवेक अहिरवार द्वारा रोजगार दिलाए जाने,बहादुरपुर निवासी हेमाबाई द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास दिलाए जाने सबंधी सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए है। प्राप्त आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश मौके पर उपस्थित संबंधित अधिकारियों को दिए गए।





#### बीपीएल सूची में नाम जोड़ने के दिए निर्देश

जनसुनवाई में ग्राम मूडरा बहादरा तहसील पिपरई निवासी वृद्ध चिरोजी बाई अपनी समस्या को लेकर कलेक्टर के समक्ष पहुंचकर बीपीएल सूची में नाम जोडने की बात कही। कलेक्टर ने मौके पर ही संबंधित अधिकारी को महिला का बीपीएल सूची में नाम जोडने के लिए निर्देशित किया।

#### आर्थिक सहायता के लिए अधिकारी को दिए निर्देश

जनसुनवाई में कलेक्टर के समक्ष ग्राम पंचायत मोहरी राय के टीकाराम कुशवाह ने आवेदन देते हुए बताया कि पत्नि की मृत्यु हो गई है। आवेदक के पास कोई आय का साधन नही है। बच्चों की परवरिश हेतु आर्थिक सहायता दिलाई जाए। कलेक्टर द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अशोकनगर को निर्देश दिए कि यथाशीघ्र आवेदक को आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की जाए।

#### मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के मौके पर दिए निर्देश

जनसुनवाई में आवेदक रघुनाथ अहिरवार द्वारा आवेदन देते हुए कलेक्टर को बताया कि पिता का मृत्यु प्रमाण पत्र अभी तक नही बनाया गया। कलेक्टर द्वारा आवेदक के आवेदन पर संज्ञान लेते हुए मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए।जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ.नेहा जैन,अपर कलेक्टर जी.एस. धुर्वे सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे।